रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-19072021-228361
CG-DL-E-19072021-228361

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 398] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 19, 2021/आषाढ़ 28, 1943
No. 398] NEW DELHI, MONDAY, JULY 19, 2021/ASHADHA 28, 1943

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 2021

सा.का.नि. 496(अ).—केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**- (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण (श्रील ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जयंती के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2021 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्का का मूल्यवर्ग.**- **"**श्रील ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जयंती**"** के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए केन्द्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में **एक सौ पच्चीस रुपये** मूल्यवर्ग के सिक्के का निर्माण किया जाएगा ।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना.**- नियम 2 में उल्लिखित उपरोक्त मूल्यवर्ग के सिक्के, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात् :-

सिक्के का मूल्यवर्ग	आकार और बाह्य व्यास	दांतेदार किनारे की संख्या	धातु संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रुपये	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुर्थक मिश्र धातु** चाँदी- 50 प्रतिशत तांबा- 40 प्रतिशत

			निकिल- 05 प्रतिशत जस्ता- 05 प्रतिशत

4. **डिज़ाइन.**- सिक्के का डिज़ाइन इन नियमों की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट अनुसार होगा।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार.**- श्रील ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जयंती के अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए उपरोक्त मूल्य वर्ग के बनाए गए सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट होगा।

पहली अनुसूची

(नियम 4 देखें)

एक सौ पच्चीस रुपये

अग्र भाग:

सिक्के के मुख भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"125"** भी होगा ।

पृष्ट भाग:

सिक्के के इस भाग के मध्य में श्रील ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद का चित्र होगा। सिक्के के ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में "श्रील ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जयंती" लिखा होगा। सिक्के के निचली परिधि पर अंग्रेजी में **"125TH BIRTH ANNIVERSARY OF SRILA A.C. BHAKTIVEDANTA SWAMI PRABHUPADA"** उत्कीर्णित होगा। श्रील ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद के चित्र के बाईं ओर अंतर्राष्ट्रीय अंको में वर्ष "**1896**" और दाईं ओर वर्ष "**2021**" लिखित होगा ।

दूसरी अनुसूची

(नियम 5 देखें)

सिक्के का मूल्यवर्ग	मानक वजन	अनुज्ञात उपचार	
		धातु संयोजन में	मानक वजन में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रुपये	35 ग्राम	चांदी के लिए 1/500वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् चांदी का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा ।	1/100वां हिस्सा जमा या घटा अर्थात् भार 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक का परिवर्तन हो सकता है।

[फा. सं. 02/14/2020-सिक्का]

मनीषा सिन्हा, संयुक्त सचिव (सिक्का एवं मुद्रा)

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economics Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 19th July, 2021

G.S.R. 496(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely: -

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin to commemorate on the occasion of 125TH BIRTH ANNIVERSARY OF SRILA A.C. BHAKTIVEDANTA SWAMI PRABHUPADA) Rules, 2021.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin.-** The coin of One Hundred Twenty Five Rupees denomination shall only be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate on the occasion of **"125TH BIRTH ANNIVERSARY OF SRILA A.C. BHAKTIVEDANTA SWAMI PRABHUPADA".**

3. **Dimension and composition of coin.-** The coin of the above denomination mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: -

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Twenty Five Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent. Copper -40 per cent. Nickel - 05 per cent. Zinc - 05 per cent.

4. **Design.-** The design of the coin shall be as specified in the First Schedule to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed.-** The standard weight of the coin of above denomination coined to commemorate the occasion of **125th Birth Anniversary of Srila A.C. BHAKTIVEDANTA SWAMI PRABHUPADA** and the remedy allowed in making of the coin shall be as specified in the Second Schedule to these rules.

First Schedule

(See rule 4)

ONE HUNDRED TWENTY FIVE RUPEES

OBVERSE:

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value "**125**" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

This face of coin shall bear the image of Srila A.C. Bhaktivedanta Swami Prabhupada in the centre. The inscription "श्रील ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जयंती" in Hindi is depicted on the upper periphery of the coin and the inscription **"125TH BIRTH ANNIVERSARY OF SRILA A.C. BHAKTIVEDANTA SWAMI PRABHUPADA"** in English is depicted on the lower periphery of the coin. The year "**1896**" and "**2021**" in international numeral shall be written beside left side and right side of the image of Srila A.C. Bhaktivedanta Swami Prabhupada.

Second Schedule

(See rule 5)

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Twenty Five Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.

[F. No. 02/14/2020-Coin]

MANISHA SINHA, Jt. Secy. (Coin & Currency)

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2021.07.19 19:41:54 +05'30'